# प्रथम सूचना रिपोर्ट

**(अन्तर्गत धारा 154 दण्ड प्रक्रिया संहिता)**

1. जिला : भ्र.नि.ब्यूरो भीलवाड़ा–प्रथम थाना : सी.पी.एस. भ्र.नि.ब्यूरो, जयपुर वर्ष 2022
प्र.इ.रि.सं. ..........84/2022...... दिनांक ........9/3/2022..........

2. (i) अधिनियम – धारा – 7 भ्रष्टाचार निवारण (संशोधित) अधिनियम 2018 एवं 120 बी. भा.द.स.
(ii) अधिनियम – भा.द.सं. –
(iii) अधिनियम – धारायें –
(iv) अन्य अधिनियम एवं धारायें –

3. (अ) रोजनामचा आम रपट संख्या ..............188.. समय ..6:35 P.M.
(ब) अपराध के घटने का दिन व समयः सोमवार दिनांक 07–3–22 समयः 2.38 पी.एम.
(स) थाना पर सूचना प्राप्त होने की दिनांक : 25–2–2022

4. सूचना की किस्म : लिखित/मौखिक : लिखित

5. घटना स्थल :
(अ) पुलिस थाना से दिशा व दूरी : उत्तर/पश्चिम दिशा में करीब 55 किमी.
(ब) पता : गांधीचोक के पास पंकज प्रिंटिंग प्रेस के उपर प्रथम तल पर स्थित सरकारी आवास अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका आसीन्द।
................–............ बीट संख्या ...........–...........जरायमदेही सं...............
(स) यदि इस पुलिस थाना से बाहरी सीमा का है तो
पुलिस थाना ................–................. जिला ................–.......................

6. परिवादी/सूचनाकर्ता :
(अ) नाम : – श्री देवीलाल साहु
(ब) पिता का नाम : – श्री मोडीराम
(स) जन्म तिथि/वर्ष : – 42 वर्ष
(द) राष्ट्रीयता : – भारतीय
(य) पासपोर्ट संख्या ..............–.................. जारी होने की तिथि ........–........
जारी होने की जगह .................–.........................
(र) व्यवसाय : – खेती
(ल) पता : – निवासी आसीन्द जिला भीलवाड़ा।

7. ज्ञात/अज्ञात संदिग्ध अभियुक्तों का ब्यौरा सम्पूर्ण विशिष्टियों सहित :
   1. श्री पिन्टुलाल पुत्र श्री जमना लाल उम्र 36 वर्ष निवासी देवविहार कॉलोनी गुलाबपुरा जिला भीलवाड़ा हाल अधिशाषी अधिकरी नगरपालिका आसीन्द जिला भीलवाड़ा।
   2. श्री सुरेन्द्रकुमार पुत्र श्री प्रेमचन्द उम्र 21 वर्ष निवासी केलु तहसील मसुदा जिला अजमेर (प्राईवेट व्यक्ति) निजी कार चालक श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका आसीन्द जिला भीलवाड़ा।

8. शिकायत/सूचना देने वाले द्वारा सूचना देने में देरी का कारण : कोई विलम्ब नहीं

9. चुराई हुई/संलप्ति सम्पत्ति का विवरण(अगर आवश्यक हो तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)

| क्र.सं. | सम्पत्ति का प्रकार | अनुमानित मूल्य | वस्तुस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय चलन मुद्रा | 125000 रूपये | आरोपीगणों द्वारा परिवादी से ग्रहण की गई रिश्वत राशि 125000 रूपये बरामद की गई। |

10. चुराई हुई सम्पत्ति का कुल मूल्य : –

11. मर्ग सूचना/अप्राकृतिक मृत्यु केस नंबर यदि कोई हो तो : –

12. प्रथम सूचना रिपोर्ट की विषय वस्तु (मजमून) (यदि आवश्यक हो तो अलग पृष्ठ नत्थी करे):

सेवामें,

श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक साहब,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाड़ा–प्रथम

विषय : कानूनीं कार्यवाही कराने हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि मैं प्रार्थी श्री देवीलाल पुत्र श्री मोडीराम जी साहु निवासी आसीन्द जिला भीलवाड़ा का रहने वाला हूँ। मेरे आसीन्द भीलवाड़ा रोड़ पर स्थित भुखण्ड पर निर्माण स्वीकृति के लिए मैंने नियमानुसार नगरपालिका आसीन्द में दिनांक 31.12.2021 को आवेदन कर रखा है। मेरीं निर्माण स्वींकृति की पत्रावली कार्यालय न. पा. आसीन्द में पेण्डिंग चल रहीं है। और इसी दौरान् न.पा. आसीन्द में पदस्थापित श्री पिन्टूलाल जाट अधिशााषी अधिकारी न. पा. आसीन्द मेरे पास दो–तींन बार आये और मेरे से उक्त निर्माण स्वींकृति देने के एवज में दो लाख रूपये रिश्वत राशी की मांग की गई। मेरे द्वारा जायज काम के बदले रिश्वत राशि देने के लिए मना किया तो उन्होने कहा कि एक लाख पैत्तींस हजार आज ही दो और बाकी के पैसे बाद में दे देना इस पर उन्होने कहा कि रिश्वत के रूपये नहीं दोगे तो तुम्हारी निर्माण स्वीकृति जारी नहीं करूंगा। उसके बाद श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी न. पा. आसीन्द ने मेरे को उनके हस्ताक्षर से जारी नोटिस संख्या 5525 दिनांक 22.02.22 बिना निर्माण स्वींकृति के सम्बन्ध में दिया गया जिसके बाद मैं श्री पिन्टुलाल जीं से मिला तो उन्होने कहा कि आपने मेरीं मांग के अनुसार रूपये नही दिये इसलिये नोटिस दिया गया है तथा अब नोटिस फाईल करवाना है एवं निर्माण स्वीकृति जारी करानी है तो एक लाख पच्चास हजार रूपये देने पड़ेंगे।

मैं मेरे जायज काम के बदले रिंश्वत राशि नहीं देना चाहता हूँ और पिन्टूलाल अधिशाषी अधिकारी को रंगे हाथों पकड़वाना चाहता हूँ। कानूनीं कार्यवाही करावे।

दिनांक
25/02/2022

प्रार्थी
सही/–
(देवीलाल पिता मोडीराम जी साहु नि.
आसीन्द जि. भीलवाड़ा–9928045624)

1. श्री मनीषकुमार–सही/–
2. श्री मुकेशकुमार–सही/–

# कार्यवाही पुलिस
# भ्र. नि. ब्यूरो, भीलवाड़ा–प्रथम

दिनांक : 25–02–22 समय : 11.00 ए.एम.

इस वक्त परिवादी श्री देवीलाल साहु निवासी आसीन्द जिला भीलवाड़ा ने कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, भीलवाड़ा–प्रथम पर उपस्थित होकर श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्र. नि. ब्यूरो भीलवाड़ा–प्रथम के समक्ष एक हस्तलिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय ने मन् पुलिस निरीक्षक को अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर परिवादी की उपरोक्त लिखित रिपोर्ट पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया। परिवादी ने उक्त रिपोर्ट में अंकित किया कि ‘‘ मैं प्रार्थी श्री देवीलाल पुत्र श्री मोडीराम जी साहु निवासी आसीन्द जिला भीलवाड़ा का रहने वाला हूँ। मेरे आसीन्द भीलवाड़ा रोड़ पर स्थित भुखण्ड पर निर्माण स्वीकृति के लिए मैंने नियमानुसार नगरपालिका आसीन्द में दिनांक 31.12.2021 को आवेदन कर रखा है। मेरी निर्माण स्वींकृति की पत्रावली कार्यालय न. पा. आसीन्द में पेण्डिंग चल रहीं है। और इसी दौरान् न.पा. आसीन्द में पदस्थापित श्री पिन्टूलाल जाट अधिशााषी अधिकारी न. पा. आसीन्द मेरे पास दो–तींन बार आये और मेरे से उक्त निर्माण स्वीकृति देने के एवज में दो लाख रूपये रिश्वत राशी की मांग की गई। मेरे द्वारा जायज काम के बदले रिश्वत राशि देने के लिए मना किया तो उन्होने कहा कि एक लाख पैत्तींस हजार आज ही दो और बाकी

के पैसे बाद में दे देना इस पर उन्होने कहा कि रिश्वत के रूपये नही दोगे तो तुम्हारी निर्माण स्वीकृति जारी नही करूंगा। उसके बाद श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी न. पा. आसीन्द ने मेरे को उनके हस्ताक्षर से जारी नोटिस संख्या 5525 दिनांक 22.02.22 बिना निर्माण स्वीकृति के सम्बन्ध में दिया गया जिसके बाद मैं श्री पिन्टुलाल जी से मिला तो उन्होने कहा कि आपने मेरी मांग के अनुसार रूपये नही दिये इसलिये नोटिस दिया गया है तथा अब नोटिस फाईल करवाना है एवं निर्माण स्वीकृति जारी करानी है तो एक लाख पच्चास हजार रूपये देने पड़ेंगे। मैं मेरे जायज काम के बदले रिश्वत राशि नहीं देना चाहता हूँ और पिन्टूलाल अधिशाषी अधिकारी को रंगे हाथों पकड़वाना चाहता हूँ। कानूनी कार्यवाही करावे। '' उक्त रिपोर्ट पर अग्रिम कार्यवाही करते हुए परिवादी श्री देवीलाल साहु को हमराह साथ में लेकर अपने कार्यालय कक्ष में लाकर परिवादी को उपरोक्त लिखित रिपोर्ट पढ़कर सुनाई गई तो परिवादी ने मजिद पुछताछ पर बताया कि '' मेरे आसीन्द भीलवाड़ा रोड़ स्थित गोविन्दपुरा में भुखण्ड पर निर्माण कार्य चल रहा है तथा उसकी निर्माण स्वीकृति के लिये मैंने नियमानुसार नगरपालिका आसीन्द में दिनांक 31.12.2021 को आवेदन किया जिसकी प्राप्ति रसीद कमांक 2393 दिनांक 31.12.21 प्राप्त की गई। मेरी निर्माण स्वीकृति की पत्रावली आसीन्द नगरपालिका में पेण्डिंग चल रही है और इसी दौरान् नगरपालिका आसीन्द में पदस्थापित श्री पिन्टुलाल जाट अधिशााषी अधिकारी नगरपालिका मेरे पास दो–तीन बार आये और मेरे से उक्त निर्माण स्वीकृति देने की एवज में दो लाख रूपये रिश्वत राशि की मांग की गई। मेरे द्वारा जायज काम के बदले रिश्वत राशि देने के लिये मना किया तो उन्होने कहा कि एक लाख पैत्तीस की मांग की और बाकी के पैसे बाद में दे देना बोला तथा इस पर उन्होने कहा कि रिश्वत के रूपये नही दोगे तो तुम्हारी निर्माण स्वीकृति जारी नही करूंगा। उसके बाद श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका आसीन्द ने मेरे को उनके हस्ताक्षर से जारी नोटिस संख्या 5525 दिनांक 22.02.22 बिना निर्माण स्वीकृति के सम्बन्ध में दिया गया जिसके बाद श्री पिन्टुलाल जी से मिला तो उन्होने कहा कि आपने मेरी मांग के अनुसार रूपये नही दिये इसलिये नोटिस दिया गया है तथा अब नोटिस फाईल करवाना है एवं निर्माण स्वीकृति जारी करानी है तो एक लाख पच्चास हजार रूपये देने पड़ेंगे। इसलिये कार्यवाही के लिये उपस्थित आया'' परिवादी ने अपने पास से नगरपालिका आसीन्द द्वारा जारी नोटिस कमांक 5525 दिनांक 22.02.2022 की छाया प्रति, भुखण्ड निर्माण स्वीकृति हेतु पत्रावली आसीन्द नगरपालिका में जमा करवाई गई जिसकी प्राप्ति रसीद कमांक 2393 दिनांक 31.12.21 की छाया प्रति एवं आधार कार्ड की छाया प्रति अपने हस्ताक्षर कर प्रस्तुत की जिसको शामिल कार्यवाही की गई।

सही/–
(देवीलाल साहु, परिवादी)

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक
भ्र.नि.ब्यूरो भीलवाड़ा–प्रथम

दिनांक 25–02–22 समय 11.15 ए.एम.

परिवादी श्री देवीलाल साहु की उपरोक्त लिखित रिपोर्ट तथा मजिद पुछताछ से आरोपी श्री पिन्टुलाल जाट अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका आसीन्द जिला भीलवाड़ा के विरूद्ध मामला कार्यवाही ट्रेप का पाया जाता है। नियमानुसार रिश्वती राशि के मांग का सत्यापन कराया जाना वांछित होने से इस संबंध में मन पुलिस निरीक्षक ने अपने मंतव्य से परिवादी को अवगत कराया परिवादी ने बताया कि अभी मेरे घरेलु आवश्यक कार्य से मुझे कहीं जाना है तथा संदिग्ध श्री पिन्टुलाल के पास भी नगरपालिका आसीन्द के अलावा अतिरिक्त चार्ज शाहपुरा जिला भीलवाड़ा का भी है जिसके बारे में मालुमात की तो वह आज नगरपालिका आसीन्द में नहीं है, संदिग्ध श्री पिन्टुलाल से सम्पर्क होने पर मैं सम्पर्क कर रिश्वत राशि मांग सत्यापन की कार्यवाही करवा सकता हूँ। इस पर कार्यालय के मालखाने से डिजिटल टेप रिकॉर्डर को मंगवाया जाकर परिवादी को डिजिटल टेप रिकॉर्डर के रखरखाव एवं संचालन की विधि को भंलिभांति समझाई गई। परिवादी को हिदायत दी गई कि जब भी संदिग्ध श्री पिन्टुलाल से सम्पर्क होने पर तुरन्त कार्यालय में उपस्थित होवे इस पर परिवादी ने बताया कि संदिग्ध श्री पिन्टुलाल बहुत ही चालाक प्रवृति का व्यक्ति है तथा वह मेरे से सम्पर्क करने के बाद मेरा आपके कार्यालय भीलवाड़ा में आकर वापस आसीन्द जाने में समय लगने की सम्भावना है इस हेतु आपके सम्पर्क करने पर

आपके कार्यालय से डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय खाली मेमोरी कार्ड सहित कार्यालय स्टाफ को आसीन्द भिजवाने पर मांग सत्यापन की कार्यवाही आसानी से हो सकेगी। इस पर परिवादी को मुनासिब हिदायत देकर रूखसत किया। डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय खाली मेमोरी कार्ड को सुरक्षित कार्यालय के मालखाने में रखवाया गया। हालात से श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक साहब को निवेदन किया गया।

सही/–
(श्री देवीलाल साहु)

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 27–02–22 समय 12.20 पी.एम.

समय करीब 12.13 पी.एम. पर परिवादी श्री देवीलाल साहु ने जरिये दूरभाष मन् पुलिस निरीक्षक को बताया कि संदिग्ध श्री पिन्टुलाल से सम्पर्क किया तो उसने मुझे उसके निवास स्थान गुलाबपुरा जिला भीलवाड़ा होना बताया है तथा मुझे गुलाबपुरा स्थित उसके घर पर बुलाया तथा वह बहुत ही चालाक व्यक्ति है तथा वह उसके घर पर ही मेरे से रिश्वत राशि मांग के सम्बन्ध में बातचित करेगा। इस पर कार्यालय में उपस्थित श्री रामेश्वरलाल कान्सटेबल नम्बर 250 को डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय खाली मेमोरी कार्ड के वास्ते मांग सत्यापन हेतु भिजवाने एवं परिवादी से सम्पर्क करने हेतु अवगत कराया गया तत्पश्चात् श्री रामेश्वरलाल कान्सटेबल नम्बर 250 को तलब कर कार्यालय के मालखाने से डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय खाली मेमोरी कार्ड मंगवाया जाकर परिवादी के मोबाईल नम्बर दिये जाकर आवश्यक समझाईश की गई तथा परिवादी से श्री रामेश्वर लाल ने जरिये मोबाईल परिवादी से सम्पर्क किया तो परिवादी ने आसीन्द स्थित कोर्ट केम्पस के पास मिलना बताया। आवश्यक हिदायत देकर श्री रामेश्वरलाल कान्सटेबल नम्बर 250 को डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय खाली मेमोरी कार्ड के वास्ते रिश्वत राशि मांग सत्यापन हेतु रवाना किया गया।

सही/–
(श्री रामेश्वरलाल कानि. 250)

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 27–02–22 समय 10.15 पी.एम.

मन् पुलिस निरीक्षक दिगर राजकार्य में व्यस्त होने से समय 9.30 पी.एम. पर ब्यूरो कार्यालय भीलवाड़ा–प्रथम पर उपस्थित आई, दर्ज रहे कि समय करीब 5.30 पी.एम. पर श्री रामेश्वरलाल कान्सटेबल नम्बर 250 ने जरिये दूरभाष मन् पुलिस निरीक्षक को बताया कि मैं ब्यूरो कार्यालय से रवाना होकर आसीन्द पहुँचा जहां पर परिवादी श्री देवीलाल साहु से सम्पर्क कर मिला तत्पश्चात् मेरी मोटरसाईकिल को आसीन्द ही खड़ी की गई तत्पश्चात् मैं व परिवादी श्री देवीलाल साहु की कार से आसीन्द से रवाना होकर गुलाबपुरा पहुँचे और गुलाबपुरा स्थित हाईवे की पुलिया के पास पहुँचकर परिवादी श्री देवीलाल साहु ने जरिये दूरभाष संदिग्ध श्री पिन्टुलाल के मोबाईल पर सम्पर्क किया तो उसने उसे गुलाबपुरा पुलिया के पास ही कुछ ही समय बाद मिलना बताया जिस पर समय करीब 4.15 पी.एम. पर डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय खाली मेमोरी कार्ड को चालु कर परिवादी को सुपुर्द किया तथा मैं कार से उतरकर पास ही साईड में खड़ा हो गया, कुछ समय पश्चात् एक व्यक्ति परिवादी श्री देवीलाल साहु की कार के पास आया और दोनो आपस में बातचीत कर रहे थे ओर पास ही स्थित शान्ति रोड़वेज के नाम से ऑफिस में गये और आपस में बातचीत कर रहे थे कुछ समय पश्चात् उक्त व्यक्ति के जाने के बाद परिवादी श्री देवीलाल साहु मेरे पास आया उसने डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड सुपुर्द किया जिसे मैंने बन्द कर सुरक्षित अपने पास रखा तत्पश्चात् परिवादी ने बताया कि श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी से बातचीत हो गई है उन्होने मेरे से नगरपालिका आसीन्द से जारी नोटिस कमांक 5525/22.02.22 को फाईल करने एवं निर्माण स्वीकृति जारी करने की

एवज में रिश्वती राशि की मांग करते हुए एक लाख पच्चास हजार रूपये देना तय हुआ और जिस पर मैंने मेरे पास पड़े एक लाख रूपये उनको उनकी मांग के मुताबिक अपने स्वयं विवेक से दी गई तथा शेष राशि पच्चास हजार रूपये उनकी मांग के मुताबिक और देना बुधवार दिनांक 02.03.22 को तय हुआ, तत्पश्चात् परिवादी से भी मन् पुलिस निरीक्षक ने जरिये मोबाईल वार्ता की गई तो उपरोक्त तथ्यों की ताईद करते हुए बताया कि दिनांक 02.03.2022 को रिश्वत राशि पच्चास हजार रूपये श्री पिन्टुलाल को देना तय हुआ है इसलिये मैं रिश्वत के रूप में दी जाने वाली पच्चास हजार रूपये की व्यवस्था का आपके कार्यालय में दिनांक 02.03.22 को उपस्थित हो जाउंगा तथा आज आपके कार्यालय में उपस्थित नहीं हो सकता हूँ तथा श्री रामेश्वरलाल को आसीन्द पहुँचकर भीलवाड़ा के लिय रवाना कर दूंगा। इस पर परिवादी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कार्यालय में उपस्थित आये श्री रामेश्वरलाल कान्सटेबल नम्बर 250 ने भी पूर्व में जरिये दूरभाष बताये गये उपरोक्त तथ्यो की ताईद करते हुए बताया कि मैं रिश्वत राशि मांग सत्यापन की कार्यवाही के बाद परिवादी के साथ गुलाबपुरा से रवाना होकर आसीन्द आया तथा वहां से मेरी मोटरसाईकिल से रवाना होकर ब्यूरो कार्यालय भीलवाड़ा–प्रथम में समय 8.30 पी. एम. पर उपस्थित आया हूँ। श्री रामेश्वरलाल ने डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड सुपुर्द किया जिस पर डिजिटल टेप रिकॉर्डर को मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा चलाकर सुना गया तो रिश्वत राशि के मांग सत्यापन होने की पुष्ठि हुई। श्री रामेश्वरलाल कानि. द्वारा मांग सत्यापन के बाद जरिये दूरभाष सूचित करने के बाद हालात श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्र. नि. ब्यूरो भीलवाड़ा–प्रथम को जरिये दूरभाष पूर्व में निवेदन किये गये। डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को उसी अवस्था में कार्यालय में सुरक्षित रखवाया गया। आईन्दा परिवादी तथा स्वतन्त्र गवाह की उपस्थिति में फर्द ट्रान्सस्क्रिप्ट रिश्वत राशि मांग सत्यापन मुर्तिब की जायेगी।

सही/–
(श्री रामेश्वरलाल कानि. 250)

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 28–02–22 समय 3.00 पी.एम.

चूंकि कल दिनांक 01.03.22 को शिवरात्रि के उपलब्ध में राजकीय अवकाश होने के कारण गवाह तलबी हेतु दिनांक 02.03.2022 को प्रातः संदिग्ध श्री पिन्टुलाल के विरूद्ध ट्रेप कार्यवाही आयोजित की जानी है जिसमें बतौर स्वतन्त्र गवाहान की आवश्यकता होने पर इस कार्यालय का पत्र कमांक 222 दिनांक 28.02.2022 से श्रीमान् तहसीलदार भीलवाड़ा को दिये जाकर दिनांक 02.03.2022 को स्वतन्त्र गवाह तलबी हेतु मुनासिब हिदायत देकर श्री रामपाल सहायक उप निरीक्षक को रूखसत किया गया।

सही/–
(श्री रामपाल स.उ.नि.)

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 01–03–22 समय 4.00 पी.एम.

इस समय श्री रामपाल सहायक उप निरीक्षक मय तहसीलदार भीलवाड़ा का कार्यालय आदेश कमांक 536 दिनांक 28.02.2022 लेकर कार्यालय उपस्थित हुआ। उक्त पत्र के अनुसार स्वतन्त्र गवाह श्री मुकेश मीणा पटवारी एवं श्री मनीषकुमार, पटवारी को दिनांक 02.03.2022 को प्रातः ब्यूरो के कार्यालय में उपस्थित होने हेतु पाबन्द किया गया है। उक्त पत्र को शामिल पत्रावली किया गया है। ब्यूरो के सम्बन्धित स्टाफ को मुनासिब हिदायत दी गई।

सही/–
(श्री रामपाल स.उ.नि.)

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–22 समय 9.30 ए.एम.

इस समय स्वतंत्र गवाहान श्री मनींषकुमार पुत्र श्री रमेशचन्द्र जाटव उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम लुहासा तहसील वैर जिला भरतपुर हाल पटवारी पटवार हल्का सेथुरिया तहसील भीलवाड़ा एवं श्री मुकेश कुमार मीणा पुत्र श्री रामप्रताप मीणा उम्र 34 वर्ष निवासी लुहारीकला थाना हनुमाननगर तहसील जहाजपुर जिला भीलवाड़ा हाल पटवारी पटवार हल्का कोदूकोटा तहसील भीलवाड़ा कार्यालय हाजा पर उपस्थित हुये जिन्हे कार्यालय में बिठाया गया।

सही/–
(श्री मनीषकुमार)

सही/–
(श्री मुकेशकुमार)

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–22 समय 09.40 ए.एम.

इस समय परिवादी श्री देवीलाल साहु ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित आये। परिवादी ने बताया कि दिनांक 27.02.2022 को श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी से सम्पर्क किया तो उसने मुझे गुलाबपुरा स्थित उसके घर पर बुलाने पर मेरे द्वारा आपसे समय करीब 12.13 पी.एम. पर जरिये दूरभाष सम्पर्क करने पर श्री रामेश्वरलाल कानि. नम्बर 250 ने भी मेरे से जरिये दूरभाष वार्ता की तत्पश्चात् मैं आसीन्द ही था और श्री रामेश्वरलाल कानि. के आसीन्द आकर मेरे से सम्पर्क करने पर मैं श्री रामेश्वरलाल से मिला और मैं और श्री रामेश्वरलाल दोनो ही कार से आसीन्द से रवाना होकर गुलाबपुरा पहुँचे और गुलाबपुरा स्थित हाईवे की पुलिया के पास पहुँचकर मैंने जरिये दूरभाष संदिग्ध श्री पिन्टुलाल के मोबाईल पर सम्पर्क किया तो उसने उसे गुलाबपुरा पुलिया के पास ही कुछ ही समय बाद मिलना बताया जिस पर समय करीब 4.15 पी.एम. पर डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय खाली मेमोरी कार्ड को चालु कर श्री रामेश्वरलाल ने मेरे को सुपुर्द किया तथा श्री रामेश्वरलाल कार से उतरकर पास ही साईड में खड़े हो गये, कुछ समय पश्चात् ही श्री पिन्टुलाल मेरी कार के पास आया और हम दोनो आपस में बातचीत कर रहे थे और पास ही स्थित शान्ति रोड़वेज के नाम से ऑफिस में गये और नगरपालिका आसीन्द से जारी नोटिस क्रमांक 5525/22.02.22 फाईल करने एवं मेरे भुखण्ड पर निर्माण स्वीकृति जारी करने की एवज में रिश्वती राशि की मांग करते हुए एक लाख पच्चास हजार रूपये देना तय हुआ और जिस पर मैंने मेरे पास पड़े एक लाख रूपये उनको उनकी मांग के मुताबिक अपने स्वयं विवेक से दी गई तथा शेष राशि पच्चास हजार रूपये उनकी मांग के मुताबिक और देना आज दिनांक 03.02.22 को तय हुआ, तत्पश्चात् मांग सत्यापन की कार्यवाही के बाद श्री रामेश्वरलाल ने जरिये दूरभाष सम्पूर्ण तथ्यों के बारे में आपको बताया मैंने भी तत्समय वार्ता कर उपरोक्त तथ्यों की ताईद उसके बाद मैं और श्री रामेश्वरलाल कानि. मेरी कार से गुलाबपुरा से रवाना होकर आसीन्द आये और वहां से श्री रामेश्वरलाल कानि. अपनी मोटरसाईकिल से भीलवाड़ा के लिये रवाना होकर गये थे। श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी को आज दी जाने वाली राशि पच्चास हजार रूपये लेकर अग्रिम ट्रेप कार्यवाही हेतु उपस्थित आय हूँ। परिवादी को कार्यालय में सुरक्षित बिठाया गया।

सही/–
(श्री देवीलाल साहु)

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–22 समय 09.50 ए.एम.

इस पर दोनो स्वतंत्र गवाहान को मन् पुलिस निरीक्षक ने उपरोक्त ट्रेप कार्यवाही में बतौर स्वतंत्र गवाहान के रूप मे उपस्थित रहने हेतु कहने पर दोनो ने अपनी–अपनी सहमति मौखिक ही व्यक्त करने पर परिवादी को कार्यालय कक्ष में तलब कर दोनों स्वतंत्र गवाहान का परिचय आपस में कराया जाकर परिवादी श्री देवीलाल साहु की रिपोर्ट दिनांक 25–02–22 को पढ़कर सुनाई गई तो परिवादी ने गवाहान के समक्ष शब्द–ब–शब्द सही होना मान रिपोर्ट स्वयं हस्तलिपि में लिखी होकर स्वयं के हस्ताक्षर अंकित होना बताया तथा परिवादी ने अपनी रिपोर्ट के साथ

नगरपालिका आसीन्द से जारी शुदा नोटिस कमांक 5525/22.02.22 की प्रति रिपोर्ट के साथ पेश की गई थीं उक्त नोटिस को भीं उपरोक्त गवाहान को दिखाया जाकर उक्त रिपोर्ट व नोटिस पर दोनो स्वतंत्र गवाहान के हस्ताक्षर करवाये गये।

सही/– ( श्री देवीलाल साहु)    सही/– (श्री मनीषकुमार,गवाह)    सही/– (श्री मुकेशकुमार,गवाह)

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–22 समय 10.05 ए.एम.

इस समय दिनांक 27–02–22 को रिश्वती राशि के मांग सत्यापन के दौरान परिवादी श्री देवीलाल साहु की वार्तालाप आरोपी श्री पिन्टुलाल के मध्य आमने सामने हुई, जिसे परिवादी के द्वारा ब्यूरो के डिजिटल टेप रिकॉर्डर में रिकॉर्ड की गई। उक्त डिजिटल टेप रिकॉर्डर को कार्यालय हाजा के लेपटॉप से श्री रामेश्वरलाल कानि. से कनेक्ट करा वार्तालाप की दो सीडीयां तैयार की गयीं। एक पर मूल सीडी तथा दूसरी पर डब सीडी लिखा गया। मूल सीडी को लेपटॉप से चलाकर वार्तालाप की फर्द ट्रान्सक्रीप्ट श्री रामेश्वरलाल कानि. से तैयार की जाकर मूल व डब सीडीयों पर संबंधितों के हस्ताक्षर करवाये जाकर मूल सीडी को कपड़े की थेली में नियमानुसार सिलचिटबंद कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। फर्द ट्रान्सक्रीप्ट पर भी संबंधितो के हस्ताक्षर करवाये गये।

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–2022 समय 12.30 ए.एम.

इस समय मन पुलिस निरीक्षक के द्वारा आरोपी श्री पिन्टुलाला अधिशाषी अधिकारी को दी जाने वाली रिश्वत राशि परिवादी श्री देवीलाल साहु से मांगने पर उसने अपने पास से 500–500 रूपये के 100 नोट कुल राशि 50000 रूपये भारतीय चलन मुद्रा के प्रस्तुत किए। नोटों के नम्बर निम्नानुसार हैः–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 6SW | 788869 |
| 2 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 8BV | 095354 |
| 3 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 7US | 251958 |
| 4 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 5AR | 324746 |
| 5 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 5WB | 945575 |
| 6 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 4MN | 221487 |
| 7 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 3CL | 545811 |
| 8 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | OFP | 741001 |
| 9 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 6FL | 072983 |
| 10 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 7KE | 202638 |
| 11 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 5TG | 304383 |
| 12 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 0VE | 028483 |
| 13 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 5PM | 286958 |
| 14 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 4FG | 883712 |
| 15 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 2MT | 357576 |
| 16 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 8KA | 801777 |
| 17 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 2AG | 566251 |
| 18 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 0LC | 633313 |
| 19 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 1NW | 890345 |
| 20 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 7VV | 079714 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 1GF | 949178 |
| 22 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 4SP | 794138 |
| 23 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 2DS | 867198 |
| 24 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 3PH | 475388 |
| 25 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 9CC | 406874 |
| 26 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 0TL | 483441 |
| 27 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 7GU | 360656 |
| 28 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 4AN | 605307 |
| 29 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 9MW | 057071 |
| 30 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 7WR | 305155 |
| 31 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 0NN | 654199 |
| 32 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 7QR | 698139 |
| 33 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 6LF | 186483 |
| 34 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 2RD | 745454 |
| 35 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 1BB | 266880 |
| 36 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 8EA | 419507 |
| 37 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 1UV | 971238 |
| 38 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 2GF | 831952 |
| 39 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 3VT | 637287 |
| 40 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 6MS | 047951 |
| 41 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 8FV | 045893 |
| 42 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 4KK | 454126 |
| 43 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 0AA | 791125 |
| 44 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 6RR | 930096 |
| 45 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 8PU | 013012 |
| 46 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 5PN | 808511 |
| 47 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 4NA | 816913 |
| 48 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 0MN | 046756 |
| 49 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 2DA | 760140 |
| 50 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 0HA | 575370 |
| 51 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 8AE | 347604 |
| 52 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 1QS | 626317 |
| 53 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 2HW | 747161 |
| 54 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 5TK | 764488 |
| 55 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 7RH | 181690 |
| 56 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 7TK | 192460 |
| 57 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 7BU | 868576 |
| 58 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 2NW | 753301 |
| 59 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 3FE | 777317 |
| 60 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 7NL | 214187 |
| 61 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 2CM | 612951 |
| 62 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 2VV | 232456 |
| 63 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 7GA | 545803 |
| 64 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 4NL | 350070 |
| 65 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 6FR | 258326 |
| 66 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 5WQ | 082752 |
| 67 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 2KN | 961756 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 68 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 6QS | 643598 |
| 69 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 5NE | 349564 |
| 70 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 4QE | 279248 |
| 71 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 8DR | 084778 |
| 72 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 3LL | 071847 |
| 73 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 9PW | 564784 |
| 74 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 2MC | 763577 |
| 75 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 1AE | 298343 |
| 76 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 4TK | 001773 |
| 77 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 1VD | 383022 |
| 78 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 9NS | 867534 |
| 79 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 1DW | 956587 |
| 80 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 5VT | 476285 |
| 81 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 3UQ | 238104 |
| 82 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 9RQ | 737969 |
| 83 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 6FB | 666125 |
| 84 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 9KM | 493341 |
| 85 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 8BA | 293043 |
| 86 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 3RD | 830810 |
| 87 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 1TK | 918789 |
| 88 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 0AC | 339656 |
| 89 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 6NM | 069185 |
| 90 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 9UL | 005636 |
| 91 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 3UA | 484890 |
| 92 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 8DH | 323086 |
| 93 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 5KH | 372794 |
| 94 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 9FH | 105129 |
| 95 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 9MW | 372776 |
| 96 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 6PT | 716195 |
| 97 | 500रूपये का एक नोट | नम्बर | 3DD | 834042 |
| 98 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 6KT | 674907 |
| 99 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 6ML | 758206 |
| 100 | 500 रूपये का एक नोट | नम्बर | 2BW | 255425 |

उपरोक्त समस्त नोटों के दोनों ओर फिनोफ्थलीन पाउडर लगवाया जाकर नोटों को परिवादी के पहने हुए पेन्ट की दांयी की जेब में रखवाये जाकर परिवादी तथा स्वतन्त्र गवाहान के समक्ष फिनोल्फ्थलीन पाउ्डर एवं सोडियम कार्बोनेट पाउ्डर की रासायनिक प्रतिक्रिया प्रदर्शित कर एवं उसके मनतव्य से अवगत कराया गया। उपरोक्त कार्यवाही की फर्द पेशकशी एवं सुपुर्दगी नोट व सुपुर्दगी डिजिटल टेप रिकॉर्डर अलग से मुर्तिब करा सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये।

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–2022 समय 1.00 पी.एम.

इस वक्त मन् पुलिस निरीक्षक, मय स्वतन्त्र गवाह श्री मनीषकुमार, श्री अजितसिंह कानि. एवं श्री दलपतसिंह कनिष्ठ सहायक जरिये प्राईवेट वाहन से एवं गवाह श्री मुकेश कुमार, ट्रेप पार्टी के सदस्यगण श्री रामपाल स.उ.नि., मय ट्रेप बॉक्स, लेपटॉप, प्रिन्टर, इत्यादि सहित मय कान्सटेबल ड्राईवर श्री हेमेन्द्रसिंह मय प्राईवेट वाहन से एवं परिवादी श्री देवीलाल साहु के साथ श्री रामेश्वरलाल कानि. को परिवादी के निजी वाहन सहित वास्ते ट्रेप कार्यवाही हेतु ब्यूरो

कार्यालय से आसीन्द के लिये रवाना हुए एवं कार्यालय में श्री श्रवणकुमार हैड कानि. को आवश्यक हिदायत देकर छोड़ा गया तथा हालात श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्र. नि. ब्यूरो भीलवाड़ा–प्रथम को निवेदन किया गया तथा ट्रेप कार्यवाही के बाद संदिग्ध के आवास गुलाबपुरा की खाना तलाशी लिये जाना भी आवश्यक होने के सम्बन्ध में भी निवेदन किया गया।

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–2022 समय 2.30 पी.एम.

इस वक्त मन् पुलिस निरीक्षक, मय स्वतन्त्र गवाह श्री मनीषकुमार, श्री अजितसिंह कानि. एवं श्री दलपतसिंह कनिष्ठ सहायक जरिये प्राईवेट वाहन से एवं गवाह श्री मुकेश कुमार, ट्रेप पार्टी के सदस्यगण श्री रामपाल स.उ.नि., मय ट्रेप बॉक्स, लेपटॉप, प्रिन्टर, इत्यादि सहित मय कान्सटेबल ड्राईवर श्री हेमेन्द्रसिंह मय प्राईवेट वाहन से एवं परिवादी श्री देवीलाल साहु के साथ श्री रामेश्वरलाल कानि. को परिवादी के निजी वाहन सहित वास्ते ट्रेप कार्यवाही हेतु ब्यूरो कार्यालय से रवाना शुदा परिवादी के निजी कार्यालय तहसील रोड़ आसीन्द के आस–पास पहुँचे जहां पर परिवादी ने बताया कि संदिग्ध श्री पिन्टुलाल मेरे से सम्पर्क करने पर ही मैं उसके नगरपालिका आसीन्द कार्यालय में जाउंगा। इस पर परिवादी श्री देवीलाल साहु को आवश्यक हिदायत देकर उसके निजी कार्यालय के लिये रूखसत कर हिदायत दी गई कि संदिग्ध श्री पिन्टुलाल से सम्पर्क होने पर तुरन्त मन् पुलिस निरीक्षक को सूचित करे। मन् पुलिस निरीक्षक मय गवाहान एवं ट्रेप पार्टी के सदस्य परिवादी के निजी कार्यालय के पास ही एकान्त में मुकिम रहे।

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–2022 समय 3.00 पी.एम.

इस समय परिवादी श्री देवीलाल साहु ने मन् पुलिस निरीक्षक से सम्पर्क कर बताया कि संदिग्ध श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी के बारे में गोपनीय रूप से मालुमात किया गया तो ज्ञात हुआ कि श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी एवं नगरपालिका के स्टाफ एवं पटवारी इत्यादि नगरपालिका आसीन्द क्षैत्र में गोविन्दपुरा की तरफ मौका निरीक्षण हेतु गये हुए है जो नगरपालिका कार्यालय में सांय के समय करीब 5.00–5.30 बजे आने की सम्भावना है। इस पर परिवादी को आवश्यक निर्देश दिये जाकर परिवादी के निजी कार्यालय की ओर रूखसत किया गया तथा मन् पुलिस निरीक्षक मय गवाहान एवं स्टाफ के सदस्य परिवादी के निजी कार्यालय के पास ही एकान्त स्थान पर मुकीम रहे।

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–2022 समय 5.35 पी.एम.

इस समय परिवादी श्री देवीलाल साहु ने मन् पुलिस निरीक्षक के पास आकर बताया कि श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका आसीन्द कार्यालय में आ गये है इस पर परिवादी को आवश्यक हिदायत देकर डिजिटल टेप रिकॉर्डर के संचालन की विधि समझाईश कर परिवादी के साथ श्री रामेश्वरलाल कानि. को उसकी मोटरसाईकिल से नगरपालिका आसीन्द कार्यालय की ओर रवाना किया तथा मन् पुलिस निरीक्षक मय स्वतन्त्र गवाहान एवं ट्रेप पार्टी के सदस्य परिवादी की मोटरसाईकिल के पिछे–पिछे परिवादी के निजी कार्यालय से नगरपालिका कार्यालय आसीन्द की ओर रवाना हुए।

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–2022 समय 5.40 पी.एम.

इस समय परिवादी श्री देवीलाल साहु व श्री रामेश्वरलाल कानि. रवाना शुदा नगरपालिका कार्यालय आसीन्द के बाहर पहुँचे तथा मन् पुलिस निरीक्षक मय दोनों स्वतन्त्र गवाहान एवं ट्रेप पार्टी के सदस्य जरिये अलग–अलग प्राईवेट वाहन से रवाना शुदा नगरपालिका कार्यालय आसीन्द के पास पहुँचकर अपनी–अपनी उपस्थिति छिपाते हुए खड़े हुए तथा परिवादी नगरपालिका आसीन्द कार्यालय के अन्दर की ओर गया।

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–2022 समय 5.45 पी.एम.

इस समय परिवादी श्री देवीलाल साहु बिना कोई ईशारा किये नगरपालिका कार्यालय आसीन्द से बाहर आया तथा एकान्त की तरफ आकर मन् पुलिस निरीक्षक को स्वतन्त्र गवाहान के समक्ष बताया कि मैं नगरपालिका कार्यालय के अन्दर गया तो वहां पर पक्ष और विपक्ष पार्टी के मध्य आपस में विरोध जैसी स्थित हो रही थी ऐसी स्थिति के कारण नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी श्री पिन्टुलाल से जाकर नहीं मिला और यदि वह अकेले में होते तो मैं उनके पास जाकर मेरे कार्य के बारे में बातचित करता और उनकी मांग के मुताबिक रिश्वत राशि देता तो वह ग्रहण कर लेते। क्योंकि मैं उनके पास ही नहीं जा सका इसलिये मैंने डिजिटल टेप रिकॉर्डर को भी चालु नहीं किया था। इस पर परिवादी को आवश्यक हिदायत देकर उसके निजी कार्यालय के पास मिलने हेतु रूखसत किया गया तथा मन् पुलिस निरीक्षक, दोनों गवाहान एवं ट्रेप पार्टी के सदस्य अलग–अलग प्राईवेट वाहनों से नगरपालिका कार्यालय आसीन्द से परिवादी के निजी कार्यालय तहसील रोड़ आसीन्द के लिये रवाना हुए।

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–2022 समय 6.20 पी.एम.

दर्ज रहे कि समय 5.55 पी.एम. पर मन् पुलिस निरीक्षक, दोनों गवाहान एवं ट्रेप पार्टी के सदस्य अलग–अलग प्राईवेट वाहनों से नगरपालिका कार्यालय आसीन्द से रवाना शुदा परिवादी के निजी कार्यालय तहसील रोड़ आसीन्द के पास पहुँचे तथा परिवादी ने बताया कि श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी से नगरपालिका आसीन्द कार्यालय में काफी लोगो की भीड़–भाड़ होने की वजह से बातचीत नही हो सकी है तथा वह हमेशा अपने घर गुलाबपुरा के लिये सायं 6 बजे के आस–पास निकलता है इसलिये मैं उससे जरिये मोबाईल सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त करता हूँ हो सकता है वह मेरे कार्यालय पर ही आ जावे। इस पर परिवादी को संदिग्ध श्री पिन्टुलाल से जरिये मोबाईल समय 6.12 पी.एम. पर कॉल कर वार्ता कर बताया कि श्री पिन्टुलाल जी ने मेरे को कहा कि मैं गुलाबपुरा के लिये निकल चुका हुँ तथा बाद में मिलना बताया है।

सही/–
(श्री देवीलाल साहु)

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–2022 समय 6.30 पी.एम.

चूंकि परिवादी ने संदिग्ध श्री पिन्टुलाल से जरिये दूरभाष सम्पर्क कर बताये अनुसार आज ट्रेप कार्यवाही की सम्भावना नही होने से स्वतन्त्र गवाह श्री मुकेशकुमार पटवारी से परिवादी के पहने हुए जिन्स के पेन्ट की सामने की बांयी जैब से संदिग्ध को रिश्वत के रूप में दी जाने वाली राशि पच्चास हजार रूपये निकलवाई जाकर पूर्व में मुर्तिब फर्द पेशकशी नोट व सुपुर्दगी नोट एवं दृष्टान्त फिनोल्फ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट में अंकित नोटों के नम्बरों से मिलान

करवाया जाकर हुबहु होने से उक्त राशि पच्चास हजार रूपये को एक खाली लिफाफे में रखवाये जाकर सुरक्षित ट्रेप बॉक्स में रखवाये गये तथा गवाह श्री मुकेश कुमार पटवारी के दोनों हाथों को साफ पानी व साबुन से धुलवाये जाकर परिवादी द्वारा पेश किया गया डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को सुरक्षित ट्रेप बॉक्स में रखवाया गया जाकर परिवादी को आवश्यक हिदायत दी गई कि जब भी संदिग्ध श्री पिन्टुलाल के सम्पर्क करने पर तुरन्त सूचित करे तथा गोपनीयता बरतने की आवश्यक समझाईश कर परिवादी को रूखसत किया गया।

सही/–<br>( श्री देवीलाल साहु)

सही/–<br>(श्री मनीषकुमार,गवाह)

सही/–<br>(श्री मुकेशकुमार,गवाह)

सही/–<br>(दीपिका राठौड़)<br>पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–2022 समय 7.00 पी.एम.

इस वक्त मन् पुलिस निरीक्षक, मय स्वतन्त्र गवाह श्री मनीषकुमार, श्री अजितसिंह कानि. एवं श्री दलपतसिंह कनिष्ठ सहायक जरिये प्राईवेट वाहन से एवं गवाह श्री मुकेश कुमार, ट्रेप पार्टी के सदस्यगण श्री रामपाल स.उ.नि., श्री रामेश्वरलाल कानि. मय ट्रेप बॉक्स, लेपटॉप, प्रिन्टर, इत्यादि सहित मय कान्सटेबल ड्राईवर श्री हेमेन्द्रसिंह मय प्राईवेट वाहन से आसीन्द से ब्यूरो कार्यालय भीलवाड़ा के लिये रवाना हुए।

सही/–<br>(दीपिका राठौड़)<br>पुलिस निरीक्षक

दिनांक 02–03–2022 समय 8.30 पी.एम.

इस वक्त मन् पुलिस निरीक्षक, मय स्वतन्त्र गवाह श्री मनीषकुमार, श्री अजितसिंह कानि. एवं श्री दलपतसिंह कनिष्ठ सहायक जरिये प्राईवेट वाहन से एवं गवाह श्री मुकेश कुमार, ट्रेप पार्टी के सदस्यगण श्री रामपाल स.उ.नि., श्री रामेश्वरलाल कानि. मय ट्रेप बॉक्स, लेपटॉप, प्रिन्टर, इत्यादि सहित मय कान्सटेबल ड्राईवर श्री हेमेन्द्रसिंह मय प्राईवेट वाहन से आसीन्द से रवाना शुदा ब्यूरो कार्यालय भीलवाड़ा–प्रथम पहुॅचा तथा ट्रेप बॉक्स को कार्यालय के मालखाने में सुरक्षित रखा जाकर दोनो स्वतन्त्र गवाह को आवश्यक हिदायत देकर रूखसत किया गया।

सही/–<br>(दीपिका राठौड़)<br>पुलिस निरीक्षक

दिनांक 07–03–2022 समय 9.30 ए.एम.

मन् पुलिस निरीक्षक दीपिका राठौड़ ब्यूरो कार्यालय प्रथम भीलवाड़ा उपस्थित आई दर्ज रहे कि परिवादी श्री देवीलाल साहु ने दिनांक 05.03.2022 को जरिये दूरभाष मन् पुलिस निरीक्षक को बतया कि आज भी संदिग्ध श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका कार्यालय में उपस्थित आया है जो वापस जल्दी निकलने की सम्भावना है जो वापस सोमवार दिनांक 07.03.2022 को नगरपालिका कार्यालय में आयेंगे तथा संदिग्ध श्री पिन्टुलाल के दिनांक 07.03.2022 को नगपालिका कार्यालय में उपस्थित आने पर मैं आपको जरिये दूरभाष निवेदन कर दूंगा जिस पर आप शीघ्र ही आसीन्द पहुॅच जाना। जिस पर मन् पुलिस निरीक्षक ने परिवादी को आवश्यक हिदायत दी गई थी। चूंकि परिवादी द्वारा दिनांक 05.03.2022 को बताये गये अनुसार परिवादी के कभी भी जरिये फोन सूचित किया जा सकता है इस हेतु अग्रिम कार्यवाही के पूर्व में पाबन्द शुदा स्वतन्त्र गवाह श्री मनीषकुमार जाटव पटवारी व श्री मुकेशकुमार पटवारी को कार्यालय में शीघ्र उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया तथा श्रीमान् बृजराजसिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्र. नि. ब्यूरो भीलवाड़ा–द्वितीय चौकी पद पदस्थापित श्री रामेश्वरलाल कानि. व श्री शिवराजसिंह कानि. को इस कार्यालय में भिजवाने हेतु निवेदन किया गया।

सही/–<br>(दीपिका राठौड़)<br>पुलिस निरीक्षक

दिनांक 07–03–2022 समय 10.00 ए.एम.

इस समय पाबन्द शुदा स्वतन्त्र गवाह श्री मनीषकुमार पटवारी पटवार हल्का सेथुरिया, श्री मुकेश कुमार मीणा पटवारी पटवार हल्का कोदूकोटा तहसील भीलवाड़ा उपस्थित आये। दोनों गवाहों को ब्यूरो कार्यालय में बिठाया गया तथा श्री रामेश्वरलाल कानि. व श्री शिवराजसिंह कानि. उपस्थित आये।

सही/– सही/–
(श्री मनीषकुमार) (श्री मुकेशकुमार)

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 07–03–2022 समय 11.30 ए.एम.

दर्ज रहे कि परिवादी श्री देवीलाल साहु ने समय 11.26 ए.एम. पर मन् पुलिस निरीक्षक को जरिये दूरभाष बताया कि संदिग्ध श्री पिन्टुलाल जाट अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका कार्यालय आसीन्द में पहुँच गये है जो आज ही मेरे से मेरे निर्माण स्वीकृति कार्य की एवज में रिश्वत राशि ग्रहण करेगा, इस पर परिवादी को उसके आसीन्द कार्यालय तहसील रोड़ के पास मिलने की हिदायत दी गई।

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 07–03–2022 समय 11.50 ए.एम.

इस वक्त मन् पुलिस निरीक्षक, मय स्वतन्त्र गवाह श्री मनीषकुमार, श्री किशोरसिंह कानि., श्री रामेश्वरलाल कानि. एवं श्री दलपतसिंह कनिष्ठ सहायक मय ट्रेप बॉक्स मय लिफाफे में रखी गई रिश्वती राशि पच्चास हजार रूपये, डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड, लेपटॉप, प्रिन्टर, इत्यादि जरिये प्राईवेट वाहन से एवं ट्रेप पार्टी के सदस्यगण श्री प्रहलादकुमार हैड कानि. नं. 34, गवाह श्री मुकेशकुमार मीणा, श्री शिवराजसिंह कानि. मय कान्सटेबल ड्राईवर श्री हेमेन्द्रसिंह मय प्राईवेट वाहन सहित वास्ते ट्रेप कार्यवाही हेतु ब्यूरो कार्यालय भीलवाड़ा–प्रथम से आसीन्द के लिये रवाना हुए।

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 07–03–2022 समय 1.15 पी.एम.

इस वक्त मन् पुलिस निरीक्षक, मय स्वतन्त्र गवाह श्री मनीषकुमार, श्री किशोरसिंह कानि. , श्री रामेश्वरलाल कानि. एवं श्री दलपतसिंह कनिष्ठ सहायक मय ट्रेप बॉक्स मय लिफाफे में रखी गई रिश्वती राशि पच्चास हजार रूपये, डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड, लेपटॉप, प्रिन्टर, इत्यादि जरिये प्राईवेट वाहन से एवं ट्रेप पार्टी के सदस्यगण श्री प्रहलादकुमार हैड कानि. नं. 34, गवाह श्री मुकेशकुमार मीणा, श्री शिवराजसिंह कानि. मय कान्सटेबल ड्राईवर श्री हेमेन्द्रसिंह मय प्राईवेट वाहन सहित वास्ते ट्रेप कार्यवाही हेतु ब्यूरो कार्यालय भीलवाड़ा–प्रथम से आसीन्द के लिये रवाना शुदा परिवादी के निजी कार्यालय तहसील रोड़ आसीन्द के आस–पास पहुँचे जहां पर परिवादी से सम्पर्क करने पर परिवादी श्री देवीलाल साहु उपस्थित आया जिसने बताया कि गोपनीय रूप से मालुमात किया गया तो संदिग्ध श्री पिन्टुलाल जाट अभी–अभी नगरपालिका कार्यालय से बाहर निकला है जिसके नगरपालिका कार्यालय आसीन्द में उपस्थित आने पर मैं संदिग्ध के पास दी जाने वाली रिश्वत राशि लेकर जाउंगा इस पर परिवादी श्री देवीलाल साहु के साथ श्री रामेश्वरलाल कानि. को आवश्यक हिदायत दी गई कि संदिग्ध श्री पिन्टुलाल की जानकारी प्राप्त होने पर शीघ्र अवगत करावे ताकि अग्रिम कार्यवाही की जायेगी बाद हिदायत परिवादी श्री देवीलाल साहु व कानि. श्री रामेश्वरलाल को रूखसत किया गया। इसके बाद मन् पुलिस निरीक्षक मय गवाहान एवं ट्रेप पार्टी के सदस्य परिवादी के निजी कार्यालय के पास ही एकान्त में मुकिम रहे।

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 07–03–2022 समय 02.05 पी.एम.

इस वक्त परिवादी श्री देवीलाल साहु व श्री रामेश्वरलाल कानि. ने मन् पुलिस निरीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर बताया कि संदिग्ध श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका कार्यालय के पास ही स्थित उसके सरकारी क्वार्टर पर है तथा अधिकतर काम क्वार्टर पर करते है तथा नगरपालिका कार्यालय में आने की सम्भावना कम है इस पर प्राईवेट वाहन में रखे हुए ट्रेप बॉक्स में से रिश्वत राशि पच्चास हजार रूपये जो लिफाफे में रखी हुई उक्त लिफाफे को गवाह श्री मनीषकुमार जाटव से निकलवाया जाकर परिवादी श्री देवीलाल साहु के पहने हुए जिन्स पेन्ट के सामने की बांयी जैब में कोई शै नहीं छोड़ा जाकर रखवाये गये तथा उक्त लिफाफे को जलाकर नष्ट करवाया गया तथा गवाह श्री मनीषकुमार जाटव के दोनो हाथो को साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये तथा डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड के संचालन की विधि परिवादी श्री देवीलाल साहु को पुनः समझाईश कर सुपुर्द किया गया।

| सही/– | सही/– | सही/– |
|---|---|---|
| (देवीलाल, परिवादी) | (श्री मनीषकुमार, गवाह) | (श्री मुकेशकुमार, गवाह) |

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 07–03–2022 समय 02.10 पी.एम.

इस वक्त परिवादी श्री देवीलाल साहु के साथ श्री रामेश्वरलाल कानि. के साथ उसकी निजी मोटरसाईकिल से आगे–आगे श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी के सरकारी क्वार्टर के लिये रवाना किया गया तथा मन् पुलिस निरीक्षक, मय स्वतन्त्र गवाह श्री मनीषकुमार, श्री किशोरसिंह कानि. एवं श्री दलपतसिंह कनिष्ठ सहायक मय ट्रेप बॉक्स लेपटॉप, प्रिन्टर, इत्यादि जरिये प्राईवेट वाहन से एवं ट्रेप पार्टी के सदस्यगण श्री प्रहलादकुमार हैड कानि. नं. 34, गवाह श्री मुकेशकुमार मीणा, श्री शिवराजसिंह कानि. मय कान्सटेबल ड्राईवर श्री हेमेन्द्रसिंह मय प्राईवेट वाहन सहित परिवादी के पिछे–पिछे रवाना हुए।

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 07–03–2022 समय 02.18 पी.एम.

इस वक्त परिवादी श्री देवीलाल साहु के साथ श्री रामेश्वरलाल कानि. के साथ उसकी निजी मोटरसाईकिल से आगे–आगे श्री पिन्टुलाल अधिशाषी अधिकारी के सरकारी क्वार्टर के लिये रवाना शुदा गांधी चौक के पास पकंज प्रिन्टिंग प्रेस के पास पहुॅचे तथा परिवादी को डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड परिवादी को चालु कर रिश्वत राशि लेन–देन के दौरान् होने वाली वार्ता को रिकॉर्ड करने की आवश्यक समझाईश कर रवाना किया। परिवादी रवाना शुदा पंकज प्रिंटिंग प्रेस के उपर प्रथम तल की सिड़ीयों से चलकर गया तथा मन् पुलिस निरीक्षक दीपिक राठौड़, मय स्वतन्त्र गवाह श्री मनीषकुमार, श्री किशोरसिंह कानि. एवं श्री दलपतसिंह कनिष्ठ सहायक, गवाह श्री मुकेश कुमार, ट्रेप पार्टी के सदस्यगण श्री प्रहलादकुमार हैड कानि. नं. 34, गवाह श्री मुकेशकुमार मीणा, श्री शिवराजसिंह कानि. मय कान्सटेबल ड्राईवर श्री हेमेन्द्रसिंह सहित सभी अपनी–अपनी उपस्थिति को छिपाये खडे रहकर परिवादी श्री देवीलाल साहु के निर्धारित ईशारें के इंतजार में रहे।

सही/–
(दीपिका राठौड़)
पुलिस निरीक्षक

दिनांक 07–03–2022 समय 3.00 पी.एम.

